प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

15.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में भाजपा ने धर्मशाला में निकाली तिरंगा यात्रा।
- उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सेना में हिमाचल रेजिमेंट बनाने की केन्द्र से की मांग।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित–लड़कियों ने फिर मारी बाजी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–जीरो इनरोलमेंट वाले करीब सौ स्कूल होंगे डिनोटिफाई–नियमों के अनुसार स्कूलों को किया जाएगा मर्ज या डाउन ग्रेड।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में आज धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने सिद्ध कर दिया है कि वो अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देगा बल्कि निर्णायक रूप से कार्रवाई करेगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बेवजह और अनुचित सवाल न उठाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल आतंकवाद के खिलाफ युद्ध था न कि पाकिस्तान सेना के खिलाफ और भारत ने इस लड़ाई में केवल अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त किया है। रैली में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद राजीव भारद्वाज और विधायक सुधीर शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

खुशाल ठाकुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा आतंक के खिलाफ चलाये गए ऑपरेशन सिन्दूर को देश में हर वर्ग का समर्थन मिला है। मंडी जिला के सेवानिवृत ब्रिगेडियर व कारगिल वार हीरो खुशाल ठाकुर ने इसे भारत की ऐतिहासिक जीत बताया है। आकाशवाणी के मंडी जिला संवाददाता मुनीष सूद से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा कि टेरर और टॉक एक साथ कभी नहीं चला सकता, जो भी आतंकवाद करेगा उसके आकाओं सहित उनका समर्थन करने वाली सरकार को करारा जवाब मिलेगा।

केवल सिंह पठानिया

उप मुख्य सचेतक व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने सेना की हिमाचल रेजिमेंट बनाने की प्रदेश व केन्द्र सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीरभूमि है और यहां से बड़ी संख्या में सैनिकों ने सेना में अपने शौर्य का परिचय दिया है। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पहला परमवीर चक्र भी हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के मेजर सोमनाथ शर्मा को मिला है। उन्होंने कहा कि हिमाचल से विक्रम बतरा व संजय कुमार को परमवीर चक्र और सौरभ कालिया को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में भी सबसे अधिक हिमाचल के जवान शहीद हुए हैं और इन सब परिस्थितियों को देखते हुए पंजाब रेजिमेंट की तर्ज पर हिमाचल रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य के लगभग 50 विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित किए गए हैं। आज शिमला में विशेष उच्चाधिकार क्रय समिति की बैठक की

अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि समिति पारदर्शी तरीके से विश्व स्तरीय स्वास्थ्य संबंधी मशीनरी और उपकरणों की खरीद सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए स्थापित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों सहित प्रदेश भर में सभी स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की खरीद का कार्य प्रगति पर है।

परीक्षा परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा इस वर्ष मार्च में ली गई 10वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम 79 दशमलव 8 प्रतिशत रहा और कुल 95 हजार 4 सौ 95 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस परीक्षा में छात्राओं ने पहले तीन स्थानों पर बाजी मारी है। कांगड़ा जिला के न्यूगल मॉडल पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल भवारना की छात्रा सायना ठाकुर ने 7 सौ में से 6 सौ 96 अंक लेकर प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह बिलासपुर जिला के आर. के. सीनियर सैकेंडरी स्कूल घंडालवीं की रिद्धिमा शर्मा ने 7 सौ में से 6 सौ 95 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया और सोलन जिला के मॉडर्न पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल स्वारघाट की छात्रा मुदिता शर्मा और मिनरवा सीनियर सैकेंडरी स्कूल घुमारवीं की छात्रा प्रियंका शर्मा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, निरंतरता और पढ़ाई के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए जा रहे हैं और जरूरत पड़ने पर स्कूलों के विलय व पुनर्गठन पर भी विचार किया जा रहा है। शिमला में शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले अढाई वर्षों में लगभग 12 सौ स्कूल बंद किए गए हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि जीरो इनरोलमेंट वाले करीब 100 स्कूल डिनोटिफाई किए जाएंगे और नियमों के अनुसार इन स्कूलों का मर्जर या डाउन ग्रेडिंग किया जाएगा। इसके साथ ही, कई स्कूलों को को–एजुकेशन मॉडल में परिवर्तित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस महीने के अंत तक शिक्षकों के तबादलों पर रोक लगा दी जाएगी और नई ट्रांसफर पॉलिसी पर विचार किया जा रहा है।

भेंट

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से भेंट की। उन्होंने राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों, विशेषकर अनुसूचित जाति विकास योजना एस.सी.डी.पी. के अंतर्गत बजट में कटौती के संबंध में चर्चा की। कुलदीप कुमार ने राज्य के लिए अनुसंधान व विकास प्रभाग के अंतर्गत बजट प्रावधान करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने छावनी क्षेत्रों में या उनके समीप रहने वाली आबादी के मुद्दों को हल करने के लिए आयोग से हस्तक्षेप करने और इन्हें रक्षा मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत करने का भी आग्रह किया। कुलदीप कुमार ने आयोग की गतिविधियों के बारे में भी अध्यक्ष को अवगत करवाया और कर्त्तव्यों के निर्वहन के दौरान आयोग को सुरक्षा प्रदान करने का भी अनुरोध किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने उनके मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और राज्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत किए जा रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज सोलन में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में उपायुक्त सहित सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने केन्द्र प्रायोजित योजनाओं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जलजीवन मिशन, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की समीक्षा भी की। सुरेश कश्यप ने कहा कि सभी विभागाध्यक्षों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये गये।

पंजीकरण अभियान

प्रदेश में प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों के बेचने के इच्छुक किसानों का पंजीकरण करने के लिए एक माह का विशेष अभियान आज से आरम्भ किया गया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कृषि विभाग को इस अभियान को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मिशन मोड पर चलाने के निर्देश दिए हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि यह अभियान इस वर्ष 15 जून तक चलेगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में भाजपा ने धर्मशाला में निकाली तिरंगा यात्रा।
- उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सेना में हिमाचल रेजिमेंट बनाने की केन्द्र से की मांग।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित—लड़कियों ने फिर मारी बाजी।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा—जीरो इनरोलमेंट वाले करीब सौ स्कूल होंगे डिनोटिफाई—नियमों के अनुसार स्कूलों को किया जाएगा मर्ज या डाउन ग्रेड।